11 फीट की गोवर्धनजी की मूर्ति, झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

छोला दशहरा मैदानः सैकड़ों श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण के लिए की गोवर्धन की परिक्रमा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहर के सबसे पुराने छोला दशहरा मैदान में मंगलवार शाम को सार्वजनिक गोवर्धन महोत्सव का आयोजन किया गया।

यहां 11 फीट की गोवर्धनजी की मूर्ति और पौराणिक प्रसंगों पर केंद्रित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। तेजस जनकल्याण समिति के तत्वावधान में यह परंपरा 11 वर्ष से लगातार निभाई जा रही है। अनुष्ठान के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण के लिए गोवर्धन जी की पूजा कर परिक्रमा की। समिति अध्यक्ष प्रवीण कुदरिया और सचिव वरुण गुप्ता ने बताया कि आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल का निर्माण किया गया था। जिसमें गोवर्धन जी की 11 फीट की मूर्ति के साथ विद्युत चलित आकर्षक झांकी लगाई गई थी। इनका निर्माण प्रख्यात मूर्तिकार राजू कुशवाह के नेतृत्व में किया गया था। गोवर्धनजी की मूर्ति निर्माण में गाय के गोबर के साथ ही मिटटी, भूंसा, गंगाजल और सरेस का इस्तेमाल किया गया है। पंडित राकेश शास्त्री के साथ पांच ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन जी की पूजन से अनुष्ठान का श्रीगणेश हुआ। महाआरती के बाद श्रद्धालुओ ने विश्व कल्याण की कामना के साथ परिक्रमा लगाने का सिलसिला शुरू किया। कार्यक्रम स्थल पर बने विशाल मंच पर मथुरा, वृंदावन, इंदौर, जबलपुर, भोपाल के कलाकारों ने धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जो कार्यक्रम के समापन तक जारी रही।

गौधन का पूजन और गौ पालकों का सम्मान

बृजमोहन रामकली गो संरक्षण केंद्र के द्वारा मंगलवार को हलाली डैम स्थित गौशाला में गोधन एवं गोवर्धन का विशेष पूजन अर्चन किया गया। केंद्र के अध्यक्ष प्रहलाद दास मंगल सचिव प्रमोद नेमा, गोल्डन अग्रवाल ने यहां मौजूद 1500 से अधिक गोवंश को गुड़, पशु आहार, गेहूं -चना एवं हरा चारा खिलाया। साथ ही गोशाला में कार्यरत सभी गो पालक व कर्मचारियों को वस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित भी किया।



तेजस सम्मान दिया

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने और योगदान देने वालों को समिति के संस्थापक संरक्षक स्व रामनारायण कुदरिया की स्मृति में स्थापित तेजस सम्मान से सम्मानित किया गया।

कमला नगर में 21 फीट की गोवर्धन प्रतिमा का पूजन

कमला नगर कोटरा सुल्तानाबाद स्थित राम मंदिर परिसर में मंगलवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। सहज समाधान शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 10 क्विंटल गोबर से भगवान गिरिराज (गोवर्धन) की 21 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई गई। प्रतिमा का फूलों से श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए।

समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग और प्रवक्ता रमेश राठौर ने बताया कि पूजन के बाद रहवासियों ने भगवान गिरिराज की परिक्रमा कर पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया। साथ ही देश के जनकल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूजा के बाद आतिशबाजी भी की गई। पूजन पंडित विष्णु राजोरिया और पंडित गोपी वल्लभ ने संपन्न कराया।

पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। कार्यक्रम में छप्पन भोग के बाद अन्नकूट की भोजन प्रसादी वितरित की गई। आयोजन की व्यवस्थाओं में मुकेश गर्ग, सुनील भार्गव सहित समिति के सदस्यों ने सहयोग किया। रंगोली, सजावट, भजन और अन्नकूट की व्यवस्था में भी रहवासियों ने सहभागिता की।



श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ श्री गिरिराज महोत्सव

- योग, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा आयोजन
- सर्वश्रेष्ठ पूजा थाली लाने वाली महिला को मिलेगी ई-स्कूटी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वशिष्ठ योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद मप्र की ओर से 1100 क्वार्टर में श्री गिरिराज महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा, शैतान सिंह पाल, विकास विरानी, सुनील पांडे, राहुल राजपूत, रामबाबू यादव और हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमोद सक्सेना और संयोजक डॉ. अनिल पचौरी ने बताया कि संस्था प्रतिवर्ष इस महोत्सव का आयोजन करती है, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल होते हैं। महिलाएं सजाकर पूजा की थालियां लेकर आती हैं। सर्वश्रेष्ठ थाली लाने वाली महिला को ई-स्कूटी भेंट की जाती है, जबकि अन्य प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाता है।

महोत्सव में योग, स्वास्थ्य, प्राकृतिक जीवनशैली और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया गया। भजन, योग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। अंत में सामूहिक आरती की गई। आयोजकों ने अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

गायत्री शक्तिपीठ में गौ पूजन एवं गोवर्धन पूजा



लीलाविहारी भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र को उनके पद, वैभव के द्वारा प्राप्त अभिमान को बाल लीलाओं में ही मिटा दिया था तथा प्रत्यक्ष देवताओं - पर्वत, नदियों की निष्काम सेवा के लिए पूजन, सम्मान, संरक्षण का संकल्प कराया था। भगवान ने बताया कि हमारी प्रकृति उपभोग की बस्तु नहीं, हमारी जीवनदायिनी माता है।

गौ, ग्राम, पर्वत,वन, और जल की सेवा ही सच्चे अर्थों में गोवर्धन पूजा की भावना है। जब किसी के अंदर अहंकार जन्म लेता है, तो उसका विवेक नष्ट होने लगता है। जिससे उसके पतन की शुरुआत भी होने लगती है।

यह बात गायत्री शक्तिपीठ प्रकोष्ठ के प्रदेश समन्वयक आरके गुप्ता ने मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ एम पी नगर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर कही। गायत्री परिवार मध्य प्रदेश के वरिष्ठ परिजन महाकालेश्वर श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि भगवान ने यहां केवल इन्द्र का अहंकार नष्ट किया न कि इन्द्र की महत्ता या देवत्व। हम सभी के भीतर कहीं ना कहीं पद ,प्रतिष्ठा, धन ,ज्ञान, रूप और सामर्थ्य का अहंकार जन्म ले लेता है। जब आदमी सोचने लगता है कि सब कुछ उसी के कारण हो रहा है ,तब उसका विवेक नष्ट होने लगता है।

माता भगवती देवी गौशाला सहयोगी संचालन ओ पी गुप्ता ने इस अवसर पर बताया कि गायत्री परिवार ने आज से 26 वर्ष पूर्व एक बछिया के साथ डॉ . शंकर लाल पाटीदार के मार्गदर्शन में इमलिया में गौशाला प्रारंभ की थी। इसके अगले वर्ष छह गायों के साथ गायत्री शक्तिपीठ पर गौशाला आरंभ हुई दोनों गौशालाओं में अब पांच सौ से अधिक गोवंश का संरक्षण संवर्धन हो रहा है। इस अवसर पर सूरज परमार, आरपी हजारी, रमेश नागर, डॉ.दयानंद समेले ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

पुरानी रंजिश पर युवक पर जानलेवा हमला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हबीबगंज थाना इलाके में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात लगभग ढाई बजे अंकुर काम्प्लेक्स के पास चार लोगों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। दोनों पक्ष साढ़े छह नंबर के पास शिवाजी नगर के रहने वाले हैं।

उनके बीच नवरात्र पर्व के दौरान भी विवाद हुआ था। उसी रंजिश पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। हत्या के प्रयास को केस दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हबीबगंज थाने के एसआई अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि शिवाजी नगर निवासी 23 वर्षीय वीरेंद्र कुमार रविवार रात ढाई बजे अंकुर कॉम्प्लेक्स के पास अपने दोस्त आशीष परमार के साथ खड़ा था। इस दौरान शिवाजी नगर निवासी राज चौहान, ऋषभ, आदित्य चौहान और शिवम वर्मा वहां पहुंचे। पुरानी रंजिश पर उनके बीच विवाद होने लगा। इस पर मारपीट करते हुए चारों ने वीरेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसके सिर एवं कंधे पर जानलेवा चोट पहुंची। आशीष ने उसे नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया है। वीरेंद्र, एकांत पार्क में संविदा के आधार पर नौकरी करता है। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को ऋषभ और राज चौहान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। फरार दो लोगों की तलाश की जा रही है।

कोलार में दो युवकों ने की खुदकुशी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कोलार थाना इलाके में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने अपने घर में फांसी लगा ली। मौके पर तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से खुदकुशी की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोलार थाना पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय अभिषेक सोनी मूलत मऊगंज का रहने वाला था। वह अपनी मां के साथ जेके टाउन के फ्लैट में रह रहा था और प्राइवेट काम करता था। अभिषेक की मां ने पुलिस को बताया कि रविवार रात खाना खाने के बाद अभिषेक अपने कमरे में सो गया था। सोमवार सुबह करीब सात बजे उनकी नींद खुली। वह अभिषेक के कमरे में पहुंची तो अभिषेक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। चीख पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाला करण पहुंचा और उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। इसी थाना क्षेत्र में बांसखेड़ी बस्ती में रहने वाले 25 वर्षीय बलवीर गौर ने रविवार- सोमवार की दरमियानी रात अपने कमरे में फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक बलवीर निजी काम करता था। बलवीर के पास से भी कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



करुणाधाम में लगा 56 प्रकार का भोग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः करुणाधाम आश्रम में अन्नकूट महोत्सव के उपलक्ष्य में मां महालक्ष्मी को 56 प्रकार के भोग लगाए गए। साथ ही महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया। माता महालक्ष्मी का विशेष श्रृंगार करुणाधाम आश्रम पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी मौजूद रहे। सबको प्रसादी वितरण हुआ।

शुभ मुहूर्त में थोक किराना बाजार में शुरू हुआ कारोबार

- दीपावली अवकाश के बाद व्यापारियों ने दुकानों में की पूजा-अर्चना
- गणेश-लक्ष्मी से मांगी सुख-समृद्धि और व्यापार में उन्नति की कामना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली के अवकाश के बाद मंगलवार को शुभ मुहूर्त में भोपाल के व्यापारिक क्षेत्रों में एक बार फिर कारोबार की शुरुआत हुई। शहर के थोक किराना बाजार में व्यापारियों ने विधि-विधान से भगवान गणेश और माता लक्ष्मी का पूजन-अर्चन कर नए व्यापारिक सत्र का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर व्यापारियों ने अपनी दुकानों की साफ-सफाई और सजावट की। इसके बाद शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना कर वर्षभर व्यापार में उन्नति, सुख-समृद्धि और बरकत की कामना की। भगवान गणेश का स्मरण कर नए व्यापारिक सत्र की शुरुआत की गई और माता लक्ष्मी से धन-धान्य एवं खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की गई। दीपावली के बाद शुभ मुहूर्त में कारोबार शुरू करने की परंपरा व्यापारियों के लिए विशेष महत्व रखती है। इसी परंपरा के तहत बाजारों में व्यापारियों ने उत्साह के साथ कामकाज शुरू किया। अब बाजारों में धीरे-धीरे सामान्य व्यापारिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ेंगी और ग्राहकी का दौर भी शुरू होगा। थोक किराना व्यापारी विवेक साहू ने बताया कि शुभ मुहूर्त में मंगलवार से थोक किराना बाजार में व्यापार की फिर से शुरुआत की गई है।

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई दीपावली, बांटी खुशियां



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेविकाओं ने सेवा भारती आनंदधाम वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई। छात्राओं ने रंगोली बनाई, दीप प्रज्वलित किए और फुलझड़ियां जलाकर खुशियां बांटी। उन्होंने वृद्धजनों को मिठाई और फल भेंट किए तथा उनके साथ समय बिताया।

कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना सोनी भी उपस्थित रहीं। आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी में सेवा भावना, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना था। स्वयंसेविकाओं ने वृद्धजनों के प्रति सम्मान, सहयोग और अपनत्व का संदेश दिया।

छठ महापर्व की तैयारियों में जुटी राजधानी घाटों पर मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया छठ घाटों का निरीक्षण
- स्वच्छ जल, साफ-सफाई और निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः छठ महापर्व को लेकर राजधानी के विभिन्न घाटों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर चल रहे निर्माण कार्यों, साफ-सफाई, स्वच्छ जल और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों और संबंधित लोगों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व अब किसी एक प्रदेश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे सनातन समाज का पर्व बन चुका है। देश के साथ दुनिया के कई देशों में भी इसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। सूर्य भगवान की बहन मां छठी की उपासना का यह पर्व आस्था और पवित्रता का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि छठ व्रत करने वाले श्रद्धालु जिस तरह गंगा के घाटों पर पूजा-अर्चना करते हैं, वैसी ही बेहतर सुविधाएं भोपाल में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। यहां गंगा का सरोवर नहीं है, लेकिन घाटों पर स्वच्छ जल और पानी की शुद्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

पिता-भाई करते रहे मिन्नत, युवक ने 60 फीट ऊंची पानी की टंकी से लगा दी छलांग, मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आए दिन शराब पीने के मुद्दे पर परिवार के लोगों ने युवक को फटकार लगाई। यह नसीहत उसे इतनी नागवार गुजरी कि वह घर के पास बनी लगभग 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर जा चढ़ा। पीछे-पीछे उसका पिता और भाई वहां पहुंचे और युवक से टंकी से उतर आने की मिन्नत करते रहे। उनकी आंखों के सामने उसे टंकी से छलांग लगा दी। गंभीर घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे मृत घोषित कर दिया गया। गुनगा थाना इलाके में मंगलवार दोपहर हुई इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर काफी वायरल हुआ।



गुनगा थाना प्रभारी रिंकू जाटव ने बताया कि गुनगा निवासी पदम अहिरवार के परिवार में तीन बेटे और सात बेटियां हैं। उनके 20 वर्ष के मंझले बेटे शंकर को शराब पीने की लत लग गई थी। इससे उसके लिए रिश्ता भी नहीं मिल पा रहा था। मंगलवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे शंकर को नशे में देख पिता और बड़े भाई विष्णु ने उसे फटकार लगा दी। इसके बाद वह घर से निकला और पास ही बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। उसे गुस्से में घर से निकलता देखा पिता और बड़ा भाई टंकी के पास पहुंचे और शंकर से नीचे उतर आने की गुहार लगाने लगे। उसने अनुसुनी करते हुए टंकी से छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार की टक्कर से घायल महिला ने दम तोड़ा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कोलार के ललिता नगर क्षेत्र में रोड डिवाइडर के कट प्वाइंट के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान सोमवार रात मौत हो गई। हादसा दो नवंबर को हुआ था। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कोलार थाना पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय रीना पंजारिया मूल रूप से सिवनी, बालाघाट की रहने वाली थी। वह कोलार के ललिता नगर में रहकर मजदूरी करती थी। दो नवंबर को ललिता नगर कट प्वाइंट के पास डीमार्ट की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रीना को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

अनिकेत हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी बनी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः इब्राहिमगंज में दीपावली की रात हुए अनिकेत खटीक हत्याकांड में फरार छह आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई है। डीसीपी आयुष गुप्ता के निर्देश पर बनाई गई टीम का नेतृत्व एसीपी हनुमानगंज अरविंद सिंह राजपूत करेंगे। इसमें हनुमानगंज थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया, सब इंस्पेक्टर बीएस वर्मा के साथ क्राइम ब्रांच और साइबर सेल के पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया है। टीम को फरार आरोपितों को पकड़ने के साथ वारदात में सभी की भूमिका और चाकू से हमला करने वालों की पहचान करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस मामले में पुलिस इब्राहिमगंज निवासी 19 वर्षीय आदित्य रैकवार उर्फ आदि और 18 वर्षीय प्रेम को गिरफ्तार कर चुकी है। उन्होंने पुलिस पूछताछ में हत्या की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया है। मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपियों अंकित, राघव सहित छह लोग शामिल हैं। उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

उत्पात 12 नंबर मल्टी में बदमाशों की करतूत से दहशत, विरोध करने पर मारपीट की...

बिजली गुल कर मचाया उपद्रव, गाड़ियों में तोड़फोड़

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः 12 नंबर के पास स्थित इंद्रा नगर मल्टी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात लगभग ढाई बजे बदमाशों ने पहले ट्रांसफार्मर में तोड़फोड़ करते हुए इलाके की बिजली गुल कर दी। उसके बाद गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की।

स्थानीय लोगों ने विरोध किया, तो उनसे गाली गलौज कर मारपीट कर दी। वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर जीत निशोदे, सत्यजीत निशोदे, रोहित ज्ञानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूरी घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है।



जिसमें अपराधी तत्व पहले आतंक मचाते दिख रहे हैं। उनके खिलाफ पूर्व से भी अपराध दर्ज हैं। शाहपुरा थाना पुलिस के मुताबिक वीरसिंह तोमर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि आरोपियों ने पहले क्षेत्र की बिजली गुल की और लाइट बंद होते ही डीपी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम और उपद्रव के कारण पूरे 12 नंबर क्षेत्र और कुशाभाऊ ठाकरे मल्टी के निवासियों में डर व दहशत का माहौल बन गया है। देर रात हुई इस तोड़फोड़ से बिजली व्यवस्था बाधित होने के साथ-साथ आम जनता की सुरक्षा पर भी बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

एसीपी हबीबगंज कार्निक श्रीवास्तव ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो पर संज्ञान लेकर बदमाशों को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही बिजली कंपनी के अधिकारियों से भी नुकसान का आकलन कर शिकायत देने को कहा गया है, ताकि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। शाहपुरा थाना प्रभारी संतोष मरकाम ने बताया कि इस मामले में फरियादी राकेश यादव की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।